# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 07.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 07.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया ।

आवेदिका श्रीमती किरन प्रजापति पत्नी मुन्नू प्रजापति निवासी रैपुरा जनपद चित्रकूट द्वारा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के समक्ष पति मुन्नू प्रजापति,ससुर संतोष प्रजापति द्वारा लड़ाई झगड़ा,गाली गलौज करना तथा मारपीट कर घर से बाहर निकाल देने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा प्रार्थना-पत्र के निस्तारण हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र टीम महिला मुख्य आरक्षी श्रीमती रजनी देवी व महिला आरक्षी शिवाग्नी द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया । दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस मे पारिवारिक सामजस्य बनाकर रहने तथा कर्तव्यों का सही से पालन करने की बात कही गयी । आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़े को एक दूसरे के साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

**समझौता कराने वाली टीमः-**

1.महिला मुख्य आरक्षी श्रीमती रजनी सिंह
2.महिला आरक्षी शिवाग्नी

**(4).** आज दिनाँक 07.08.2025 को क्षेत्राधिकारी लाइन्स/कार्यालय श्री यामीन अहमद द्वारा अपने कार्यालय में अपराध शाखा एवं थाना एएचटीयू के समस्त विवेचकों का अर्दली रुम किया गया। अर्दली रुम के दौरान विवेचकों से लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से जानकारी ली गयी तथी लम्बित रखने का कारण पूछा गया तथा गुण दोष के आधार पर लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये ।

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/ब्रिकी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष पहाड़ी श्रीमती अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री योगेन्द्र बहादुर यादव व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त अर्जुन पुत्र कमलेश उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम प्रसिद्धपुर थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरूद्ध थाना पहाड़ी में 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री योगेन्द्र बहादुर सिंह
2. आरक्षी दीपक सिंह
3. आरक्षी मृत्युंजय

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/ब्रिकी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष राजापुर श्री पंकज तिवारी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री इमरान खान व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त राहुल सोनकर पुत्र हरीप्रसाद सोनकर निवासी नदी टोला बदौसा थाना बदौसा जनपद बांदा को 10 लीटर कच्ची शराब महुवा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना राजापुर में 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री इमरान खान थाना राजापुर
2. आरक्षी प्रकाश मिश्रा

**(6).** आज दिनाँक 07.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में थाना राजापुर, थाना सरधुवा, थाना पहाड़ी व थाना रैपुरा के विवेचकों का अर्दली रुम किया गया । अर्दली रुम के समस्त विवेचकों से प्रत्येक विवेचना पर विस्तारपूर्वक वार्ता करते हुए विवेचना लंबित रखने का कारण पूछकर गुण दोष के आधार पर विवेचना के शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। आईजीआरएस एवं मुलाकाती शिकायती प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

अर्दली रुम के दौरान क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल, प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री विनोद कुमार शुक्ला, थानाध्यक्ष राजापुर श्री पंकज तिवारी, थानाध्यक्ष पहाड़ी श्रीमती अनुपमा तिवारी,थानाध्यक्ष सरधुवा श्री राम सिंह,वाचक श्री राजीव कुमार सिंह एवं अन्य विवेचकगण उपस्थित रहे ।

**(7).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाए जाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह व क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली के पर्यवेक्षण में थाना बरगढ़ पुलिस टीम ने लूट की घटना कारित करने वाली अभियुक्ता को घटना में प्रयुक्त 01 अदद बोलेरो गाड़ी सं0 MP17CA 7807 रंग सफेद व लूट के 1200/- रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्ता का नाम पता विवरण-

संगीता वर्मा पत्नी अमृत लाल वर्मा निवासी ग्राम चौखण्डी थाना अतरैला जनपद रीवा म०प्र०

बरामदगी-

1.घटना में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी सं0 MP17CA 7807 रंग सफेद

2. लूट के 1200/- रुपये

गिरफ्तारी का स्थान/दिनांक/समय-

भैरमपुर पेट्रोल पम्प कस्बा मऊ पास पहुंचे तो देखा कि पेट्रोल पम्प के पास सड़क के किनारे,07.08.025,18.45 बजे

संक्षिप्त विवरण-

दिनाँक 01.08.025 को वादी विवेक कुमार शुक्ला पुत्र श्री हरीप्रसाद शुक्ला निवासी ग्राम मनका थाना बरगढ जनपद चित्रकूट द्वारा थाना बरगढ़ पर सूचना दी गयी कि दिनाँक 31.07.2025 को समय लगभग 5 बजे शाम को अपनी मोटर साइकिल से बरगढ़ बाजार अपने साथी शंकरलाल शुक्ला पुत्र श्री निवास निवासी उपरोक्त के साथ जा रहा था कि जैसे वह अपने मोटरसाइकिल से मनका रोड से डोडिया गाँव वाली रोड पर मुड़ा कि वहाँ पहले से एक बोलोरो गाड़ी न0 MP17CA7807 खडी थी और उसके पास 3-4 लोग तथा एक औरत खड़ी थी। जिन्होने मोटरसाइकिल को रोककर चाभी निकाल लिया तथा मेरे जेब में रखा मोबाइल फोन रीएलमी व जेब में रखा 3530/- रुपये नगद जेब से निकाल लिये और सभी लोग बोलेरो गाड़ी मे बैठ कर भाग गए। इस सूचना पर थाना बरगढ़ में मु0अ0सं0 67/025 धारा 309(4) बीएनस बनाम 03,04 व्यक्ति व 01 महिला नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

दिनाँक 07.08.025 को थाना बरगढ़ पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 31.07.2025 को शाम के समय मनका से डोडिया जाने वाली सड़क पर मोबाइल व पैस की लूट करने वाले अभियुक्त घटना में प्रयोग की गई बोलेरो गाड़ी सं0 MP17CA7807 रंग सफेद के साथ भैरमपुर पेट्रोल पम्प के पास मौजूद है यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है इस सूचना पर विश्वास कर मुखबिर के बताये हुए स्थान भैरमपुर पेट्रोल पम्प कस्बा मऊ पास पहुंचे तो देखा कि पेट्रोल पम्प के पास सड़क के किनारे नाले की तरफ एक बोलोरो गाड़ी सं0 MP17CA 7807 रंग सफेद खड़ी है जिसके पास एक महिला,एक पुरूष व्यक्ति खड़ा है पास पहुंच कर महिला आरक्षी पारूल श्रीवास्तव से बोलेरो के पास खड़ी महिला का नाम पता पूछा गया तो अपना नाम संगीता वर्मा पत्नी अमृत लाल वर्मा निवासी ग्राम

चौखण्डी थाना अतरैला जनपद रीवा म०प्र० बतायी जिसे गिरफ्तार कर घटना के समय लूटे गये पैसा व मोबाइल के विषय मे पूंछा गया तो बताई कि लूट के पैस में से 1500 रु0 मुझे मिला था जिसमे से खर्च के बाद 1200 रु0 मेरे पास है तत्पश्चात मौके पर खड़े व्यक्ति को गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया तो वह मौके का फायदा उठा कर भाग गया भागे हुए व्यक्ति का नाम पता गिरफ्तार शुदा महिला संगीता वर्मा उपरोक्त से पूछा गया तो भागे हुए व्यक्ति का नाम राजू सिंह पुत्र राज सिंह निवासी रहीमपुर मौलानी कस्बा व थाना करारी जनपद कौशाम्बी बताई। बरामद बोलोरो गाड़ी के सम्बन्ध मे पूछा गया तो बताई कि मेरी स्वयं की बोलेरो गाड़ी थाना शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज में पकड़ी गयी थी इस कारण मैं बोलेरो गाड़ी MP17 CA7807 को अपने गांव के करन गुप्ता से किराये पर ले आयी थी आज भी मैं अपने व्यक्तिगत कार्य से किराये पर ही ले आयी हूं घटना में संलिप्त लोगो के बारे में पूंछा गया तो बतायी कि दिनांक 31.07.2025 को मनका डोडियामाफी के पास लूट की घटना में मेरे अतिरिक्त 1.राजू सिंह पुत्र राज सिंह निवासी रहीमपुर मौलानी थाना कस्बा करारी कौशाम्बी 2.चुन्नी लाल पुत्र इन्दल सरोज 3.मिथून सरोज पुत्र सुरेमन निवासीगण ओसा थाना मंझनपुर कौशाम्बी भी थे जो भगे हुए है लूटी हुई मोबाइल मिथुन सरोज उपरोक्त के पास है तथा 830 रु चुन्नीलाल के पास तथा शेष 1200 रु राजू के पास हिस्सा का था।

गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-

1.उ0नि0 श्री अमरेश चन्द्र तिवारी थाना बरगढ़

2.उ0नि0 श्री दिनेश त्रिपाठी थाना बरगढ़

3.धर्मेन्द्र कुमार

4.पारूल श्रीवास्तव